'खुल्लमखुल्ला' के महा एपिसोड का विमोचन

उदयपुर । रंगों के महापर्व होली पर बुरा ना मानो होली विशेषांक का विमोचन चेतक सर्कल स्थित पार्श्वकल्ला कार्यालय में हुआ।

हर साल की तरह इस बार भी वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र कुमार चौबीसा द्वारा शहर के पत्रकारों पर बुरा ना मानो होली है खुल्लम-खुल्ला विशेषांक लिखा गया। इस विशेषांक की यह खासियत रहती है कि इसमें मात्र दो लाइनों में पत्रकारों के नाम सहित उनके ऊपर व्यंग्यात्मक टिप्पणीया की जाती है। यह टिप्पणियां किसी द्वेषता या दुर्भावना पूर्ण नहीं होकर पत्रकारों के चरित्र और उनके हाव.भाव एवं व्यवहार को ध्यान में रखकर ही लिखी जाती है।आपको बतादे कि चौबीसा पिछले 30 सालों से भ्रष्टाचार और अनैतिकता के विरुद्ध खुलूम.खुल्ला जंग नामक हास्य व्यंग्य नाम से रोजाना कालम लिखते हैं। यह कोलम सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा वायरल होने वाला लोकप्रिय कॉलम है। खुल्लम खुल्ला नाम से रोजाना भूपेन्द्र चौबीस द्वारा लिखा जाने वाला यह कोलम साल में एक बार बुरा ना मानो होली है खुलूम खुल्ला के नाम से महा एपिसोड के रूप में लिखा जाता है। वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र कुमार चौबीसा द्वारा लिखित बुरा ना मानो होली है।

भारतीय संस्कृति विश्व में अद्भुत : प्रो. सारंगदेवोत

होली आपसी मन मुटाव को दूर कर एक दूसरे के मिलने का दिन है

उदयपुर । राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के ग्रामीण अंचलों में संचालित श्रेय भारतीय सामुदायिक शिक्षण केन्द्र साकरोदा सेंटर पर शनिवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिमसें बडी संख्यॉं में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। केन्द्र प्रभारी राकेश

■ **भारतीय सामुदायिक शिक्षण केन्द्र साकरोदा सेंटर पर शनिवार को भव्य होली मिलन**

उदयपुर में राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के ग्रामीण अंचलों में संचालित श्रेय भारतीय सामुदायिक शिक्षण केन्द्र साकरोदा सेंटर पर होली मिलन समारोह हुआ।

दाधीच ने बताया कि समारोह के मुख्य कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कार्यकर्ताओं के साथ फुलों की होली खेली। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी मन मुटाव को दूर कर एक दूसरे के साथ गले मिलने का दिन है। भारतीय, संस्कृति, सभ्यता, परम्परा विश्व में अद्भुत है हमारा हर तीज त्यौहार कोई न कोई संदेश लिये होता है। आधुनिकता के दौर में आज का युवा इससे दूर होता जा रहा है । जिसे हमें रोकना होगा। इस अवसर पर डॉ. राकेश दशोरा, डॉ. सुबोध शर्मा, इन्दू तिवारी, वंदना शर्मा, रंजना शर्मा, राकेश दाधीच, निजी सचिव केके कुमावत, पुनम, मधु, सुरेखा, कौशल्या सहित कार्यकर्ताओं ने आपस में फुलों की होली खेली

पुत्र की हत्या करने वाली मां गिरफ्तार

उदयपुर । डबोक थाना पुलिस ने पुत्र की हत्या करने वाली आरोपी मां को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित मोहनलाल पुत्र रामाजी गाडरी निवासी दरोली ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि छह सात वर्ष पूर्व लीला से नाता विवाह किया था जिसके नुफ्ते से एक पुत्री व एक पुत्र है। तीन माह पूर्व पत्नी झगडा कर पीहर चली गई थी जो आठ दिन पूर्व वापस लौट आई थी। 8 मार्च को सवेरे मै दोस्त के साथ साईड पर गया था। इस दौरान पत्नी लीला ने पुत्र के गुम होने की मोबाईल पर सूचना दी। घर आकर पुत्र की तलाश शुरू की। सांय पुत्र की लाश कुए में मिली। जिसे बाहर निकाल कर देखा तो मेरे पुत्र किशन की लाश थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, आईपीएस सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के सुपरविजन में डबोक थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मां लीला उर्फ उदी पत्नी मोहनाल गायरी निवासी भमरासिया डबोक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि उसने अपने ही पुत्र को धक्का दिया था।

सार-समाचार

अवैध शराब से भरी दो कारें जब्त

उदयपुर । खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान चार लाख की अवैध शराब से भरी दो कारें जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दलपतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर 13 मार्च को नेशनल हाईवे 48 से टोल नाका खाण्डीओवरी से खेरवाड़ा होते हुए शराब तस्करी कर गुजरात ले जाई ज रही अवैध शराब से भरी दो कारों को रोक तलाशी ली। जिसमें एक कार में 33 तथा दूसरी कार में 29 कर्टन शराब भरी थी। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर दोनों वाहन शराब सहित जब्त कर तस्कर शंकरलाल पुत्र गणेश निवासी गन्दोली थाना घासा, भगवतीलाल पुत्र थावरचंद निवासी ओडा भेहाणा बिच्छीवाड़ा डूंगरपुर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

रोजा इफ्तार कार्यक्रम

उदयपुर । हुसैनी चौक काहरवाड़ी में रोज़ इफ्तार का आयोजन किया गया। फिरोज खान अब्बासी ने बताया की पोग्राम में मौलाना रायसुल कादरी इमाम मस्जिद अल हुसैनी काहरवाड़ी, मोहल्ला सदर रियाज अहमद, पूर्व पार्षद रियाज हुसैन, पूर्व पार्षद मो.अय्यूब, शकील हुसैन, इज़्हार हुसैन, शोएब ख़ान, आवेश ख़ान, उजैर ख़ान, अमान ख़ान, रईस ख़ान, मोईन ख़ान, मो. हुसैन, सलीम हुसैन आदि मोहल्ले के नौजवानों ने इसका आयोजन किया।

सांसद रावत ने मनाई होली

उदयपुर। सांसद मन्नालाल रावत ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र के नागरिकों, कार्यकर्ताओं व स्टाफ के साथ होली और रंगों का त्याहौर मनाया। कार्यकर्ताओं के साथ ढोल बजाकर उन्होंने होली का आनंद लिया। सांसद रावत ने शुक्रवार को सुबह टाउनहॉल में कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। इस मौके पर बडी संख्या में भाजपा व संघ के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सांसद रावत बाद में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के निवास पर गए और उन्हें गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी व आशीर्वाद लिया। डॉ रावत ने अपने निवास पर भी काफी देर कार्यकर्ताओं के साथ होली का आनंद लिया। होली की मस्ती में उन्होंने ढोल बजाकर कार्यकर्ताओं के साथ थोडी देर गेर भी खेली। दोपहर में वे चाणक्यपुरी सेक्टर पांच गए जहां भाजपा राणा प्रताप मंडल की ओर से गार्डन में आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में शरीक हुए।

नारायण सेवा में होलिका दहन

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान में दो दिवसीय होलिकोत्सव के दूसरे दिन रात्रि को सेक्टर -4 स्थित मानव मंदिर प्रांगण में होलिका दहन सम्पन्न हुआ। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल व निदेशक वंदना अग्रवाल ने दहन से पूर्व पूजा की। इस दौरान आस-पास सेक्टरों के लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। जिन्होंने घर-परिवार में सुख व शांति की कामना की, बाद में सभी लोगों को मिठाई का वितरण किया गया।

युवक की हत्या, साथी रिश्तेदार घायल

उदयपुर,। शहर के नाई थाना क्षैत्र में आपसी रंजिश के चलते हुई मारपीट में युवक की मौत हो गई तथा उसका साथी रिश्तेदार घायल हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नाई थाना क्षैत्र अलसीगढ में आपसी रंजिश के चलते पत्थरबाजी होने से अलसीगढ निवासी बाबूलाल (40)पुत्र मेघा की मौत हो गई तथा साथी रिश्तेदार भंवरलाल घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया है। रात में बाबूलाल बाईक पर अपने चचेरे भाई भंवर पुत्र कादरा खाखरा पानी फला छोड़ कर भंवर को छोडने जा रहा था। इस दौरान पत्थरबाजी के साथ लठ्ठ व तलवार से हमला कर बाबूलाल की हत्या कर दी तथा भंवर गभीर घायल हो गया। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुचे परिजनों को देख कर हमलावर काऊवा राम पत्र नाना, प्यारेलाल पुत्र हुडा, विक्रम पुत्र हुडा, हुडा पुत्र नगा, सुनिल पुत्र मोहन, मोहन पुत्र कोदरा, सोहन पुत्र खातु, संदरलाल पत्रु खातु, इश्वरलाल पत्रु अमरा प्रभू पुत्र अमरा व साथी मौके से फरार हो गए। इधर सूचना मिलने पर नाई थानाधिकारी लीलाराम ने मौके पर पहुंच कर बाबूलाल व भंवरलाल को चिकित्सालय पहुंचाया। जहां बाबूलाल को मृत घोषित करने पर शव मोर्चरी में रखवाया तथा भंवर को उपचार के लिए भर्ती करवाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। परिजनों के आने पर मृतक का रविवार को पोस्टमार्टम होगा।

अवैध गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

उदयपुर । झाड़ोल थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने प्रदीप पत्र वालचन्द निवासी मेघवाल बस्ती झाड़ोल ाके गिरफ्तार कर इसके कब्जे से2किलों अवैध गांजा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। पूछताछ में आरोपी ने बतायाकि मेरी माताजी कांतादेवी राफला खेत थाना माण्डवा में शिक्षक है जो जुडा गांव के पास नारायण खेर निवासी दाडमिया माण्डवा से शराब लोकर मुझे देती है ।

उदयपुर में उपभोक्ता हितों पर हुई चर्चा की

उदयपुर, । विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर शनिवार को पर 'टिकाऊ जीवन शैली की ओर उचित बदलाव' थीम पर जिला कलक्टर सभागार में बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा उदयपुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

एडीजे शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं को आधुनिक युग में नवीन तकनीकों को अपनाकर अपनी जीवनशैली का कायाकल्प किया जा सकता है, दैनिक जीवन में रोटी, कपड़ा एवं मकान को महत्वपूर्ण बताते हुए अपने सुस्वास्थ्य के लिए बाजार में प्रचलित फास्ट-फूड खाद्य पदार्थो से बचने की सलाह दी ताकि सेहत पर किसी प्रकार दुष्प्रभाव नही पड़े। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने उपभोक्ता हितार्थ जानकारी प्रदान करते हुए उपभोक्ताओं को सदैव सजग व सावधान रहने की बात कही। मारुति सेवा समिति के प्रमोद झंवर ने बताया गया कि उपभोक्ताओं को घर में ऊर्जा की खपत कम करने के सरल और किफायती तरीकों को अपनाने, जल संरक्षण, पर्यावरण के अनुकूल सफाई पर बल दिये जाने से दैनिक जीवन को उचित तरीके से व्यापन किया जा सकता है। येवन्ती कुमार बोल्या ने सौर ऊर्जा के बारे में जानकारी देते हुए सोलर ऊर्जा को अपनाकर बिजली की बचत करने को कहा। डॉ. महेन्द्र सिंह ने युवा पीढ़ी को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागृत करने हेतु प्रेरित किया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री राकेश पालीवाल ने भी आज के दौर में उपभोक्ताओं को जागरूक रहने हेतु उपायोगी सुझाव दिए।

इस दौरान मीरा गर्ल्स कॉलेज की छात्राए एवं रसद विभाग से प्रवर्तन अधिकारी डॉ. निशा मुन्दड़ा, मानसी पण्ड्या, प्रवर्तन निरीक्षक विशेष मीणा, डॉ. कोमल सिंह सोंलकी एवं राजेन्द्र सिंह राणावत वरिष्ठ सहायक भी उपस्थित रहें। अंत में संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी महेश चन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सप्ताह भर तक चलने वाले उपभोक्ता सप्ताह की जानकारी प्रदान की।

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द

सं. 9478 **लोक - सूचना** दिनांक: 11.03.2025

श्रीमती विमला देवी चपलोत पत्नी श्री महेन्द्र कुमार चपलोत निवासी किशोरनगर राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1.	राजसमन्द	हवाला	134 135	रकबा 0.0890 हैक्टयर रकबा 0.0567 हैक्टयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 11.03.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगरपरिषद, राजसमन्द

महिलाओं व ग्रामीण युवाओं को दिया प्रशिक्षण

उदयपुर। भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की प्रमुख कौशल विकास पहल जिंक कौशल केंद्र ने 40 प्रतिशत महिलाओं सहित 7 हजार से अधिक ग्रामीण युवाओं को बाजार-प्रासंगिक कौशल प्रदान कर प्रदेश और देश में सार्थक रोजगार प्राप्त करने में मदद की है।

हाल के वर्षों में, यह पहल ग्रामीण समुदायों के युवाओं के जीवन को बदलने में उत्प्रेरक के रूप में उभरी है, जो ग्रामीण सशक्तिकरण और युवा विकास के लिए हिन्दुस्तान जिं॰क की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। यह पहल निहत्थे सुरक्षा सेवाओं, खुदरा बिक्री और विपणन, सहायक इलेक्ट्रिशियन, खाद्य और पेय सेवा, ग्राहक संबंध प्रबंधन और माइक्रोफाइनेंस सहित विभिन्न ट्रेडों में विशेष प्रशिक्षण प्रदान करती है। शहरी-ग्रामीण विभाजन को दूर कर, जिंक कौशल केंद्र स्थायी आजीविका के अवसर पैदा कर रहा है। इससे उम्मीदवारों को भीलवाड़ा, उदयपुर, अजमेर, साणंद, बैंगलोर, हैदराबाद और लोनावाला जैसे प्रमुख स्थानों पर रोजगार मिला है, जिसमें वेतन 14 हजार रुपये से 30 हजार रुपये प्रति माह है। दरीबा, आगुचा, कायड़, उदयपुर और जावर में हिन्दुस्तान जिं॰क द्वारा स्थापित जिंक कौशल केंद्र कौशल संवर्धन और रोजगार के लिए एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में कार्य करता है।

युवा बेरोजगारी के बढ़ते मुद्दे को संबोधित करने के लिए डिजाइन किया गया कार्यक्रम आतिथ्य, माइक्रोफाइनेंस सेवाओं, व्यापार, पत्राचार, बिक्री और ग्राहक संबंध प्रबंधन और स्व-उद्यमिता में अल्पकालिक, गहन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। वित्तीय संस्थानों और सरकारी निकायों के साथ साझेदारी को बढ़ावा देकर प्रभावी रूप से पहल शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम करता है।

कार्यक्रम के लाभार्थियों में से एक ने पहल के प्रभाव को दर्शाते हुए कहा कि जिंक कौशल केंद्र में प्रशिक्षण ने न केवल मुझे तकनीकी कौशल से परिपूर्ण किया बल्कि मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ाया। आज उदयपुर में इंदिरा आईवीएफ केंद्र में ग्राहक संबंध प्रबंधक के रूप में मुझे आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने और अपने परिवार की भलाई में योगदान करने पर गर्व है। कौशल विकास में अपने योगदान के लिए पहचाने जाने वाले हिन्दुस्तान जिं॰क के कौशल केंद्रों ने सरकारी अधिकारियों और उद्योग के अग्रणी प्रतिनिधियों से समान रूप से सराहना प्राप्त की है। नाबार्ड, यस फाउंडेशन, एएवीएएस फाइनेंसर्स और उदयपुर सीमेंट वर्क्स के साथ पहल के सहयोग ने इसकी पहुंच को मजबूत किया है, जिससे प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है। हिन्दुस्तान जिंक् कुशल कार्यबल के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता हैं।

यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त ग्रामीण भारत को बढ़ावा देने के कंपनी के दृष्टिकोण का प्रमाण है।

हादसे में मां-बेटे की मौत

उदयपुर । शहर के प्रतापनरग थाना क्षैत्र में हुए सड़क हादसे में मां बेटे की मौत हो गई तथा पति घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थाना क्षैत्र आर्चीस गलेक्सी कॉम्पलेक्स के समीप हाइवे पर कार रेलींग से टकराने पर पिपलिया मण्डी मन्दसोर एमपी निवासी श्वेता पत्नी हर्षित जैन तथा दो वर्षीय पुत्र एम मृठ की मृत्यु हो गई तथा उसका पति हर्षित गंभीर घायल हो गया। कार हर्षित का भाई अवी चला रहा था जो डबोक से शहर की तरफ आ रहे थे। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। घायल हर्षित का निजी चिकित्सायल में उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलने पर एएसआई भगवतसिंह ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

युवक तालाब में डूबा

उदयपुर । शहर के बडी तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को देवगढ हॉल उदयपुर निवासी सुरेन्द्रसिह(21) पुत्र घनश्यामसिंह की बडी तालाब में डूबने से मौत हो गई। सुरेन्द्रसिंह एमआर का काम करता था एवं शुक्रवार को वह साथियों के साथ घर से निकला था एवं सांय बडी तालाब पर पहुंचा।

होलिका दीपन महोत्सव विधि-विधान से मनाया

उदयपुर। फाल्गुन पूर्णिमा पर गुरुवार को पारंपरिक होलिका दीपन महोत्सव सिटी पैलेस के एतिहासिक माणक चौक प्रांगण में हुआ। मेवाड़ राजघराने ने होलिका दीपन महोत्सव के पावन अवसर पर प्राचीनकाल से चली आ रही ऐतिहासिक धार्मिक-सामाजिक परंपराओं का भक्ति-भाव के साथ निर्वहन किया।

■ **राजपरिवार के सदस्यों ने होली को प्रणाम कर होली की परिक्रमा की**

होलिका महोत्सव की शुरुआत मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य व महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के राजसी वेशभूषा में सपरिवार शाही लवाजमे के साथ माणक चौक में आगमन के साथ हुआ। होलिका दीपन स्थल पर पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ महाराज कुमार साहब डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से होलिका का विधि-विधान से पूजन कराया।

प्राचीनकाल से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए होलिका को ओढ़नी धारण करवाकर, पुष्पमाला व श्रीफल इत्यादि अर्पित किए गए। पूजन के बाद डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने कर कमलों से होलिका को प्रदीप्त किया और राजपरिवार के सदस्यों ने होली को प्रणाम कर होली की परिक्रमा की। परम्परागत रीति-रिवाज से सादगीपूर्वक होलिका दीपन के बाद पुरोहित आदि ने मेवाड़ राजपरिवार के सदस्यों के लिए सर्वमंगल की कामना की। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह की पत्नी निवृत्ति कुमारी मेवाड़, सुपुत्री मोहलक्षिका कुमारी मेवाड़, प्राणेश्वरी कुमारी मेवाड़ और सुपुत्र हरितराज सिंह मेवाड़ भी इस विशेष पूजा-अर्चना में शामिल हुए।

होलिका महोत्सव पर सिटी पैलेस प्रांगण में रंग-बिरंगे पुष्पों और बहुरंगी रोशनी से आकर्षक सजावट की गई। इस दौरान डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि होलिका महोत्सव का सनातन धर्म-संस्कृति में विशेष महत्व है। होलिका पर्व उत्तम स्वास्थ्य, धार्मिक परंपराओं के संरक्षण-संवर्धन, कृषकों की समृद्धि, उल्लास, मनोविनोद और सामाजिक सद्भाव को बढाने वाला उत्सव है।

निविदा सार्वजनिक सूचना

1. संभावित खरीदारों से अचल संपत्ति की बिक्री के लिए प्रस्ताव/बोली आमंत्रित की जाती है, अर्थात् प्रस्तावित दुकानें, जो कि "श्री लोहाणा अतिथि भवन ट्रस्ट" के स्वामित्व में है, एक सार्वजनिक ट्रस्ट जिसका पी.टी.आर नं. ई-10348 (मुंबई) है। राधा निवास, प्रथम तल, 10/12, नवरोजी शाह लेन, ठाकुरद्वार रोड़, एस.के. पाटिल उद्यान के पीछे, मुंबई-4000021 2. संपति का विवरण : प्रस्तावित भवन में भूतल पर 25 दुकानें है, जो खसरा नं. 1383 क्षेत्रफल वाली भूमि के टुकड़े पर स्थित है 1) विश्व 1384 क्षैत्रफल 2) विश्व कुल किता 2 कुल क्षेत्रफल गांव नाथद्वारा, तालुका नाथद्वारा, जिला राजसमंद राजस्थान में स्थित है। 3. प्रस्तावक/बोलीदाता को बोली राशि का 10 प्रतिशत ट्रस्ट के नाम से पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा और 10 प्रतिशत बयाना राशि के बिना प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रस्ताव/बोली का उल्लेख निविदा प्रपत्र में निर्धारित तरीके से किया जाएगा और प्रस्ताव/बोली सीलबंद लिफाफे में 15 अप्रैल 2025 तक या उससे पहले ट्रस्ट के कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए। यानी इस नोटिस के प्रकाशन से 30 दिनों के भीतर।4. प्रस्तावक/बोलीदाता को निविदा लागत के लिए ट्रस्ट के पक्ष में मुंबई में देय बैंकर पे ऑर्डर या ड्राफ्ट द्वारा 15,000/- (केवल पंद्रह हजार रूपये) का भुगतान करना होगा जो वापस नहीं किया जाएगा।

4. प्रस्तावक/बोलीदाता को ट्रस्ट के पक्ष में निविदा लागत के लिए बैंकर के पे ऑर्डर या या ड्राफ्ट द्वारा मुंबई में देय रूपये 15,000/- (केवल पंद्रह हजार रूपये) का भुगतान करना होगा जो वापस नहीं किया जाएगा।5. बिक्री चैरिटी कमिश्नर, मुंबई/रेरा पंजीकरण की पूर्व अनुमति के अधीन होगी। ट्रस्टी अपने विवेकानुसार किसी अन्य प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं। ट्रस्टियों के पास बिना किसी कारण के किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण विवेक है। 6. दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से किए गए प्रस्तावों पर उन सभी द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। सभी प्रस्तावों पर प्रस्तावक का पूरा नाम और पता होना चाहिए और तारीख होनी चाहिए। 7. उपरोक्त रूप से प्राप्त सभी प्रस्ताव ट्रस्टियों द्वारा 15/04/2025 को दोपहर 3 बजे मुंबई में उपरोक्त पते पर खोले जाएंगे, जहां प्रस्तावक उपस्थित रह सकते है। लिफाफे खुलने पर, सभी प्रस्ताव यदि चाहें तो सभी प्रस्तावकों और ट्रस्टियों की उपस्थिति में अपनी पेशकश बढ़ा सकते है। 8. सशर्त पेशकशों पर विचार नहीं किया जाएगा और ट्रस्टियों को बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली/प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूरा अधिकार होगा।

स्थान : मुंबई

दिनांक : 16.03.2025

जनकभाई डी. खक्खर (प्रबंध ट्रस्टी)

श्री लोहाना अतिथि भवन ट्रस्ट

मेनार में 500 सालों से खेली जा रही है बारूद की होली

उदयपुर। करीब 500 वर्षो से उदयपुर के मेनार गांव में खेली जा रही बारूद की होली के साथ शनिवार को जमराबीज को मनाई जाएगी। मुगलों की सेना को शिकस्त देने और मेनार में उनकी चौकी को ध्वस्त करने के उत्साह में यह आयोजन दोपहर में शुरू हुआ।इस बारूद की होली को हवाई फायर कर प्रतीकात्मक रूप से खेल कर परम्परा निभाई जाती है।

उदयपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर उदयपुर-चित्तौडगढ नेशनल हाईवे पर मेनार गांव शनिवार दोपहर में ऐतिहासिक बारूद की होली की शुरुआत से पहले सालों से चली आ रही परम्परा निभाई गई। गांव में शाही लाल जाजम बिछी, जिस पर लोगों से मनुहार की गई। इसमें आसपास के गांवों से मेनारिया ब्राह्मण समाज के पंच, गांव के बुजुर्ग लोग शामिल हुए। ओंकारेश्वर चौक में इस रस्म में लाल जाजम पर वहीं बैठ सकते है जो धोती.कुर्ता और लाल पाग धारण कर रखी हो। इस रस्म के बाद गांव में गांव में आए मेहमानों की मेहमाननवाजी होती है । कई बहन.बेटियां इस कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। जानकारी के अनुसार करीब 500 वर्ष पूर्व महाराणा अमरसिंह द्वितीय के शासन के दौरान मुगलसेना उदयपुर पर आक्रमण करने निकली थी और मेनार में पडाव डाला था।उस समय मेनारिया समाज ने सेना को भोज पर किया आमंत्रित, और जंग छेड कर कई सैनिकों को योजनाबद्ध तरीके से मार दिया, मुगलसेना उदयपुर की ओर नहीं बढ सकी, इसी विजय के उपलक्ष्य में तब से ही होली के बाद यह जमराबीज मनाई जाती है। औंकारेश्वर चौक में पर सभी रास्तों पर मोर्चा बंदी,इसके बाद एक साथ हमले की मुद्रा में चौक में आकर बंदूकों से हवाई फायर और आतिशबाजी, गांव के जैन समाज की ओर से गुलाल अबीर से स्वागत, इसके बाद थंभ घाटी पर गांव और मेनारिया समाज के इतिहास का वाचनए वाचन से पहले महिलाएं बडी होली को ठंडी करने की रस्म निभाती है।इतिहास वाचन के बाद वापस सब ढोल के साथ पहुंचते है औंकारेश्वर चौक में तलवारों की गेर और गेर के बाद अखाडा प्रदर्शन के साथ समापन होता है। रात करीब 10 बजे बाद गांव में बारूद की होली शुरू होगी जो रात के ढाई बजे तक चलती है। परम्परागत रूप से होली के बाद आने वाली दूज तिथि (जमराबीज) को इसी तरह की होली खेली जाती है।

पुलिस जवानों ने नहीं खेली होली

उदयपुर । अपनी विभिन्न मांगो को लेकर उदयपुर में पुलिस पुलिस कर्मियों ने इस बार होली नही खेली इस कारण शनिवार को पुलिस लाइन में वीरानी पसरी रही। आपको बतादें कि होली और धुलंडी पर्व पर पुलिस कानून व्यवस्था संभालती है। धुलंडी के एक दिन बाद पुलिस अधिकारी और जवान सामूहिक रूप से धुलंडी की मस्ती में रंगे नजर आते है,लेकिन इस बार उदयपुर सहित राजस्थान के कई जिलों में पुलिस कर्मी ने शनिवार को होली नहीं खेली। कारण यह कि समय पर प्रमोशन, वेतन विसंगति और साप्ताहिक अवकाश जैसी वाजिब मांगों पर राज्य सरकार लंबे समय से ध्यान नहीं दे रही है। पुलिस कर्मियों के विरोध स्वरूप होली नहीं खेलने से शनिवार को उदयपुर स्थित पुलिस लाइन में विरानी छायी रही। हालांकि यहां रंग.गुलाल सहित होली की मस्ती के लिए तमाम व्यवस्थाएं की गई थी लेकिन होली खेलने वालों की कमी के चलते इस बार पुलिस लाइन में हर साल जैसी रंगत की जगह विरानी छायी रही। पुलिस कर्मियों ने शनिवार को होली नहीं खेली। इसे सामान्य भाषा में होली का बहिष्कार नहीं कहा जा सकता। क्योंकि होली जैसे पारंपरिक धार्मिक कार्यक्रम का कोई बहिष्कार नहीं करता।

उदयपुर की पहली एलिवेटेड रोड़ सौ पिलर पर खड़ी होगी

उदयपुर,15 मार्च(का.स.) । उदयपुर शहर में बढते ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए पहली एलिवेटेड रोड बनने जा रही है। बरसों से एलिवेटेड रोड का सपना था लेकिन विवादों की भेंट चढ गई थी। अब जाकर एलिवेटेड रोड का काम शुरू हुआ है। इसके बनने के बाद उदयपुर शहर के सिटी रेलवे स्टेशन के पहले से गाडयिां एलिवेटेड रोड पर चढ जाएगी जो सीधे कोर्ट चौराहा से आगे नीचे उतरेगी। इससे बीच में आने वाले चार चौराहा से सीधे आप आगे निकल जाएंगे। इसका मकसद यही है कि जिसको आगे जाना है वह शहर के जाम और चौराहे नहीं रुकेगा।

एलिवेटेड रोड के लिए सिटी रेलवे स्टेशन से आगे नटराज रेस्टोरेंट से पहले शिवाजीनगर सामुदायिक केंद्र जाने वाले टर्न पर पिलर खुदाई काम शुरू हो चुका है। पिलर 25-25 मीटर की दूरी पर बनाए जा रहे हैं और यहां पर अभी दो पिलर की खुदाई कर दी गई है। अब इनको बनाया जाएगा।जहां पिलर खोदे वहां पर गाडयिों के लिए कम जगह इन दो जगहों पर पिलाई खुदाई के बाद बनाने का काम किया जा रहा है। इससे दोनों ओर की सडक संकरी हो गई है। इससे सुबह.शाम उदियापोल से सिटी रेलवे स्टेशन की तरफ आने.जाने वाले 35-40 हजार वाहनों को जाम से गुजरना पड रहा है। नगर निगम की और से काम कर रही एजेंसी ने जहां कार्य हो रहा है उसको कवर्ड किया है और सडक के दोनों साइड में बेरिकेड्स लगाए हैं ताकि कोई हादसा नहीं हो।

■ **सिटी रेलवे स्टेशन के पहले से गाडयिां एलिवेटेड रोड पर चढ जाएगी जो सीधे कोर्ट चौराहा से आगे नीचे उतरेगी**

सिटी रेलवे स्टेशन से कलेक्टर बंगले के आगे तक बनने वाली एलिवेटेड रोड के लिए सबसे पहले एजेंसी ने एक महीने तक मिट्टी की जांचकी रिपोर्ट के लिए काम किया था। इसके तहत जो रिपोर्ट आई उसमें जमीन को पथरीली बताया गया और इसे एलिवेटेड के लिए बनाए जाने वाले पिलर के लिए उपयुक्त बताया और उसके बाद पिलर खुदाई का काम शुरू किया गया।सिटी स्टेशन से कोर्ट चौराहा के आगे तक एलिवेटेड रोड के पूरे मार्ग में 17-17 फीट के 100 पिलर खडे किए जाएंगे, इंजीनियर बताते है कि पिलर की संख्या 100 से करीब 102 के बीच हो सकती है। एलिवेटेड रोड सिटी स्टेशन के आगे से शुरू होगा और इस पर चलने वाले वाहनों को बंशीपान के वहां उतरेंगे। इससे पहले एक रास्ता कोर्ट चौराहा पर अस्पताल रोड पर जाने के लिए दिया गया। इससे अस्पताल,चेतक सर्कल, हाथीपोल और फतहसागर की तरफ वाहन जा सकेंगे।

एलिवेटेड रोड पर करीब 136.89 करोड रुपए खर्च होंगे। इसमें उदयपुर नगर निगम निगम 47.91 करोड रुपए,उदयपुर विकास प्राधिकर 61.60 करोड रुपए और 27.38 करोड रुपए राज्य सरकार की ओर से खर्च किए जाएंगे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

सीआईएन: L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय: - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031।

फ़ोन: +91 44 4564 4000 | फैक्स: +91 44 4564 4022

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया है। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, उनके ऋण को आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा

क्रमांक	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	50687619	संपत्ति पर ऋण	06.02.2025	5,75,322.95/-

नेम ऑफ़ बॉरोवर्स एंड को-बोरोअर्स: 1. रमेश चंद्र सुथरा 2. कंकू सुथार

संपत्ति का पता: पट्टा संख्या के साथ भूखंड का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल। 094, प्लॉट क्षेत्र 1140 वर्ग। एफटी. आराजी नंबर पर स्थित है। 230, गांव: सातलियावास, ग्राम पंचायत: संगेसरा, पंचायत समिति: डूंगला, तहसील: डूंगला, जिला: चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312024, और सीमा:-पूर्व: कनीराम/लालू कुमावत, पश्चिम: हीरालाल/भेरू कुमावत, उत्तर: आम रास्ता, दक्षिण: मोहन/लखमा की आराजी।

आपसे कहा जाता है कि आप उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए ब्यौरे के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तारीखों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागतों, प्रभारों आदि के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के खिलाफ एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा रूप से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक: 16.03.2025

स्थान: चित्तौड़गढ़

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)